बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 :– 03/भू0अ0नि0(5)विविध(मगध प्रमंडल)–25/2024 1575 पटना, दिनांक :– 12/05/2026

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 804 दिनांक 30.12.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि सुश्री प्रियंका सिंह, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11881) दिनांक 30.10.2024 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं, जिसके कारण इन्हें आवंटित कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही प्रतिवेदित किया गया है कि ये कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं, जिसके कारण इनके विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 234 दिनांक 15.01.2025 द्वारा सुश्री सिंह से 07 दिनों के अन्दर इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी कि निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संविदा समाप्ति संबंधी एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। इतने स्पष्ट निदेश के बावजूद भी इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो इनके मनमानेपन, स्वेच्छाचारिता, वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना को परिलक्षित करता है।

स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने के स्थिति में निदेशालय पत्रांक 2097 दिनांक 14.05.2025 एवं अंतिम स्मार पत्रांक 1104 दिनांक 02.04.2026 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी स्पष्ट अनुशंसा की मांग की गयी है। बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 311 दिनांक 06.04.2026 द्वारा मंतव्य दिया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य की समीक्षा की गयी है। प्राप्त मंतव्य में अंकित किया गया है कि सुश्री सिंह से निदेशालय स्तर पर किए गए स्पष्टीकरण के बाद इनके द्वारा वाट्सेप ग्रूप पर त्याग पत्र समर्पित कर दिया गया हैं। बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा इनके संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य/अनुशंसा के समीक्षोपरांत बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित (संविदा) नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधन नियमावली, 2022 के नियम – 8(4) के आलोक में सुश्री प्रियंका सिंह, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11881), बंदोबस्त कार्यालय, गया जी का संविदा नियोजन दिनांक 30.10.2024 से समाप्त किया जाता है।

Subharsh 11/05/26

(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(5)विविध(मगध प्रमंडल)–25/2024 1575 **पटना, दिनांक** :– 12/05/2026

प्रतिलिपि :– सुश्री प्रियंका सिंह, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11881), बंदोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ प्रेषित।

Subharsh 11/05/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(5)विविध(मगध प्रमंडल)–25 / 2024 1575 **पटना, दिनांक** :– 12/05/2026

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, गया जी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 11/05/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(5)विविध(मगध प्रमंडल)–25 / 2024 1575 **पटना, दिनांक** :– 12/05/2026

प्रतिलिपि :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 11/05/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप